कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा जून, 2022 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. I. प्रशिक्षण और क्षमता विकास

i. उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री ने लबासना में एकेएएम डिजिटल प्रदर्शनी और एकेएएम सेमिनार का उद्घाटन किया। इन कार्यक्रमों का आयोजन संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से किया गया है। इस अवसर पर, लबासना 27 जून से 3 जुलाई, 2022 तक "स्वतंत्रता संग्राम में ज़िलों की भूमिका" पर एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है।

ii. दिनांक 8 से 17 जून, 2022 तक लबासना में मिशन कर्मयोगी के सिद्धांतों से ओत-प्रोत संयुक्त नागरिक-सैन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने किया।

iii. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित कार्यकलाप आयोजित किए :-

(क) दिनांक 17 जून, 2022 को डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे, माननीय सांसद (आरएस) द्वारा नेहरू युवा केंद्र संगठन के साथ और फ्लेम विश्वविद्यालय के सहयोग से श्री संजय कुमार, सचिव, युवा कार्य और एनवाईकेएस के 400 से अधिक जिला युवा अधिकारियों और राज्य निदेशकों की उपस्थिति में 'लोक प्रशासन के भारतीय इतिहास का दस्तावेजीकरण' के संबंध में सीबीसी-माईजीओवी पोर्टल का शुभारंभ किया गया।

(ख) सीबीसी दल ने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के 4 केन्द्रों- बंगलौर, त्रिवेंद्रम, अहमदाबाद और श्रीहरिकोटा में क्षमता विकास आवश्यकता मूल्यांकन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला से प्राप्त जानकारी का उपयोग वर्तमान में मंत्रालय के लिए वार्षिक क्षमता विकास योजना (एसीबीपी) का मसौदा तैयार करने के लिए किया जा रहा है।

(ग) वार्षिक क्षमता विकास योजना (एसीबीपी) की प्रथम (आरंभिक) बैठक सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) और वरिष्ठ नेतृत्व के साथ आयोजित की गई ताकि विभाग में क्षमता विकास के लक्ष्यों पर सामंजस्य स्थापित किया जा सके। क्षमता विकास आवश्यकता मूल्यांकन कार्य की योजना बनाने के लिए एमओईएस के सभी प्रभागों के प्रमुखों के साथ एक कार्यशाला आयोजित की गई।

(घ) प्रौद्योगिकी भवन में सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और डीएसटी दल के साथ एसीबीपी का आरंभिक बैठक और एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

(ङ) क्षमता विकास आयोग द्वारा 1 और 2 जून, 2022 को भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), नई दिल्ली में 'लोक प्रशासन में नवाचार' के अंतिम दौर का आयोजन किया गया था। कुल 25 सिविल सेवकों ने निर्णायकों के दो पैनलों के समक्ष दो दिनों की अवधि में अपने नवाचारों को प्रस्तुत किया।

(च) राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) पर आर्थिक कार्य विभाग के लिए अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एजेएनआईएफएम), फरीदाबाद के साथ साझेदारी में पांच दिवसीय (20 जून-24 जून) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(छ) केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थानों की शिक्षण क्षमताओं में वृद्धि करना, विषय पर एक कार्यशाला का सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान के साथ सह-आयोजन किया गया था। यह कार्यशाला केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों (सीटीआई) में संरचित, आवश्यकता-आधारित और प्रासंगिक संकाय विकास कार्यक्रमों के संस्थागतकरण की दिशा में पहला कदम है।

(ज) आरसीवीपी नोरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, भोपाल में राज्य प्रशासनिक सेवाओं और राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए नागरिक-केंद्रित व्यवहार पर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।

(झ) माह के दौरान अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) और राजकोट नगर निगम (आरएमसी) के साथ आरंभिक बैठकें आयोजित की गई।

iv. 08 जून, 2022 को सचिव (कार्मिक) की अध्यक्षता में सभी राज्यों के प्रभारी मुख्य सचिवों और सचिवों (जीएडी/प्रशिक्षण) के साथ राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम (एनपीसीएससीबी)-मिशन कर्मयोगी पर एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में राज्यों को आईगॉट कर्मयोगी मंच पर भी ऑनबोर्ड करने का सुझाव दिया गया था ताकि उनके कार्मिकों/अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी से लाभ लेने में सक्षम बनाया जा सके.

v. यह निर्णय लिया गया है कि सभी सरकारी कर्मचारी @nic.in या @gov.in ईमेल आईडी के साथ (केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों के साथ भी काम कर रहे), आईगॉट कर्मयोगी मंच पर स्वयं को पंजीकृत और ऑनबोर्ड कर सकते हैं। तदनुसार, राज्यों के सभी मुख्य सचिवों और भारत सरकार के सचिवों ने अपने अधिकारियों/कार्मिकों को आईगॉट कर्मयोगी मंच पर शामिल (ऑनबोर्ड) करने की सलाह दी है।

vi. भारत के माननीय प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में 15-17 जून 2022 को नीति आयोग द्वारा आयोजित सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान, मिशन कर्मयोगी पर एक सत्र का आयोजन किया गया था, जहां सचिव (कार्मिक) और चुनिंदा मुख्य सचिवों ने भाग लिया था।

II. चयन और नियुक्तियाँ

i. **8000+ सीएसएस/सीएसएसएस/सीएससीएस अधिकारियों की पदोन्नति:** एसएलपी सं. 31288/2017-भारत संघ में "पदोन्नति में आरक्षण" और एसएलपी सं. 30621/2011-जरनैल सिंह एवं अन्य तथा इसी तरह के मामलों में "अपनी योग्यता पर अ.जा./अ.ज.जा. की पदोन्नति" के दोहरे मुद्दों पर भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित मुकदमों के कारण सभी ग्रेडों में तीनों सेवाओं [केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस), केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा (सीएसएसएस) और केंद्रीय सचिवालय लिपिक सेवा (सीएससीएस)] में पदोन्नति रोक दी गई थी।

माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 28.01.2022 के आदेश और बाद में दिनांक 12.04.2022 के स्था. (आरक्षण) के निर्देश के आधार पर पदोन्नति का कार्य आरंभ किया गया था और सीएसएस/सीएसएसएस/सीएससीएस के विभिन्न ग्रेडों में 8,000 से अधिक अधिकारियों के पदोन्नति आदेश 30 जून, 2022 तक जारी किए गए थे।

ii. पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशक के 07 (सात) पदों और सीएमडी/एमडी के 03 (तीन) पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। सीएमडी के पद के लिए 01 (एक) चयन बैठक आयोजित की गई थी और निदेशक के पद के लिए 13 (तेरह) चयन बैठकें आयोजित की गई थीं।

iii. माह के दौरान कर्मचारी चयन आयोग ने निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए हैं:

क) आशुलिपिक ग्रेड "ग" लिमिटेड विभागीय प्रतियोगी परीक्षा 2017 के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए नोटिस दिनांक 13.06.2022 को फिर से जारी किया गया था।
ख) टाइपिंग टेस्ट/डीईएसटी लिपियों के मूल्यांकन के लिए संशोधित दिशा-निर्देश आयोग द्वारा दिनांक 22-06-2022 को जारी किए गए थे।
ग) रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त, भारत (ओआरजीआई) के कार्यालय में सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड-II के पद पर पदोन्नति के लिए सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड-II सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2021 आयोजित करने का नोटिस।

इसके अलावा, संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर (टियर -I) परीक्षा, 2021 को दिनांक 10.06.2022 को सफलतापूर्वक पूरा किया गया था।

III. सेवा मामले

i. कर्नाटक के आईएएस कैडर, झारखंड और मध्य प्रदेश के आईपीएस कैडर की कैडर समीक्षा को क्रमशः 10.06.2022, 13.06.2022 और 24.06.2022 को भारत के राजपत्र अधिसूचना में अधिसूचित किया गया था।
ii. रिपोर्टिंग/समीक्षा/स्वीकार करने वाले प्राधिकारियों द्वारा एआईएस अधिकारियों के संबंध में वर्ष 2021-22 के लिए पीएआर की रिकॉर्डिंग के लिए मौजूदा समय-सीमा का इस विभाग के दिनांक 15.06.2022 के पत्र के माध्यम से एआईएस (पीएआर) नियम, 2007 की अनुसूची 2 के साथ पठित नियम 5 (1) में 15 दिनों की छूट में विस्तार किया गया था।
iii. 13 सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) के संबंध में बाहरी (आउटस्टेशनों)तैनाती दिनांक 07.06.2022 के आदेश संख्या 7/9/2022-सीएस-I(क) के तहत जारी की गई थी।
iv. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को दिनांक 14.06.2022 के आदेश संख्या 24/06/2021-सीएस-I(कार्मिक) (भाग. I) के तहत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक उप-कैडर इकाई बनाया गया था।
v. 2013 बैच के सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) को 01 साल की सेवा छूट दी गई थी।

IV. स्थापना मामले

i. विभिन्न राज्यों के 03 (तीन) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और 07 (सात) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप-चुनाव के दौरान मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के संबंध में अनुदेश जारी किए गए थे।
ii. वर्ष 2023 के दौरान केंद्र सरकार के कार्यालयों में मनाए जाने वाले अवकाशों की एक सूची जारी की गई थी।
iii. दिनांक 17.06.2022 के इस विभाग के का.ज्ञा. सं. 14034/2/2013-स्था.(घ) के तहत भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों में समूह ग में किसी भी पद पर मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती के लिए खेलों की सूची में एक नया खेल "योगासन" जोड़ा गया है।

V. विशेष अभियान

जून 2022 के दौरान, 1038 लोक शिकायतों में से 352 लोक शिकायतों का समाधान किया गया, जिसमें 454 का बैकलॉग भी शामिल है। रिकार्ड प्रबंधन के भाग के रूप में, 398 फाइलों की समीक्षा की गई और 119 फाइलों को हटा दिया गया और 04 अंतर-मंत्रालयी मंत्रिमंडल संदर्भों का निपटान किया गया।

VI. कल्याण मामले

क) अखिल भारतीय सिविल सेवा संगीत, नृत्य और लघु खेल प्रतियोगिता 2021-22 का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से 23 जून, 2022 से 27 जून, 2022 तक किया गया।

ख) अखिल भारतीय सिविल सेवा भारोत्तोलन और सर्वश्रेष्ठ शरीर-गठन टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन सीसीएसईएसबी द्वारा 22 जून से 23 जून 2022 तक जीकेके राजा बाजार सामुदायिक केंद्र, नई दिल्ली में किया गया।

ग) अखिल भारतीय सिविल सेवा वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के सहयोग से 24 जून से 28 जून, 2022 तक इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर, आई.पी. एस्टेट या स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सरकारी बालक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एसयू ब्लॉक, पीतमपुरा दिल्ली में किया गया।

घ) अखिल भारतीय सिविल सेवा टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से 24 जून से 28 जून, 2022 तक एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, आगरा, उत्तर प्रदेश में किया गया।

(ङ) अखिल भारतीय सिविल सेवा हॉकी टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से 21 जून से 30 जून, 2022 तक मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम भोपाल, मध्य प्रदेश में किया गया।